सार-समाचार

फूसराज गौड अध्यक्ष बने

बीदासर । गौड़ ब्राह्मण महासभा जिला चूरू में रविवार को जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुधाकर सहल ने गौड़ ब्राह्मण महासभा बीदासर तहसील के अध्यक्ष पद पर फुसराज गौड़ को मनोनित किया है। गौड़ को गौड़ ब्राह्मण महासभा का तहसील अध्यक्ष बनने पर विप्रजनों ने गौड़ का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर डाक्टर पर पवन शर्मा, मनमोहन शर्मा, प्रदीप शर्मा सहित अनेक विप्रजन उपस्थित थे।

कलयुग में राम नाम जप से ही मिलता है मोक्ष : पं. शंभुशरण लाटा

रतनगढ़ । शहर के श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन रविवार को कथा वाचक पंडित शंभुशरण लाटा ने राम नाम की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कलयुग में भगवान श्रीराम के नाम का जप ही सबसे बड़ा साधन है, जो प्राणी सच्चे भाव से भगवान का नाम स्मरण करता है, उसी को मोक्ष की प्राप्ति होती है।कथा के दौरान पं. लाटा ने बताया कि सतयुग, त्रेता और द्वापर युग में यज्ञ, हवन और तपस्या से जो पुण्य प्राप्त होता था, वही पुण्य कलयुग में केवल राम नाम जप से सहज रूप में प्राप्त हो जाता है। यदि मनुष्य इस सत्य को समझ ले, तो वह जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो सकता है। उन्होंने वर्तमान समय की कथाओं पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि लोग कथा सुनने तो आते हैं, लेकिन सच्ची भक्ति प्राप्त नहीं कर पाते, क्योंकि भक्ति का मार्ग सच्ची श्रद्धा और निस्वार्थ भाव से होकर गुजरता है।उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से आ ान किया कि कथा पांडाल में प्रवेश करते ही भगवान से केवल भक्ति की कामना करें, तभी कथा श्रवण और जीवन दोनों सार्थक होंगे। रविवार को कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का भावपूर्ण एवं विस्तार से वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान राजेंद्र बणसिया एवं पवन सेवदा दंपत्ति ने विधिवत व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर अजय बणसिया, भागीरथ खीचड़, महेंद्र ढाका, सरपंच परमाराम नेहरा, सुरेंद्र हुड्डा, सुशील गौड़,अशोक बिरड़ा, धर्मप्रकाश धड़, राजकुमार ऐचरा, जगदीश स्वामी, गोविंदप्रसाद बबेरवाल, भंवरलाल प्रजापत, विजय बणसिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

डीपीएस के विद्यार्थियों ने एडवेंचर कैंप में साहसिक प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया

डूंडलोद, । डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद के कक्षा सात, आठ व कक्षा नौ के विद्यार्थियों ने एक दिवसीय एडवेंचर कैंप में भाग लिया। इस अवसर पर साहसिक एडवेंचर कैंप के कॉर्डिनेटर सूरज कुमार के निर्देशन में कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्रओं को टेंट पिचिंग, लेजर बीम, जिपलाइन, फ्लाइंग फॉक्स, वॉल क्लाइमिंग, वर्मा ब्रिज, वी सेफ ब्रिज, कमांडो नेट हॉफ स्कॉच कमांडो क्रॉल, पैराशूट गेम, ट्रेम्पोलिन डबल रोप ब्रिज, मोगली वॉक, लेडर क्लाम्बिंग, रोप क्लाम्बिंग, टग ऑफ वॉर, बॉडी जोरविंग, ह्यूमन वेव, जॉरविंग, रनिंग बंजी, शॉफ्ट आर्चरी, आस्ट्रेलियन प्लैंगस, टारजन स्वींग आदि प्रतिस्पर्धाओं का प्रशिक्षण दिया। एडवेंचर कैंप का उद्घाटन विद्यालय सचिव बीएल रणवां ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एडवेंचर कैंप से विद्यार्थियों में साहस तथा प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों का होना परम आवश्यक है। इसलिए विद्यालय समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित करवाता रहता है।

संस्कार साइंस एकेडमी स्कूल में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया

गुढ़ागौड़जी, । स्थानीय संस्कार साइंस एकेडमी स्कूल में एलन शिप संस्कार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति और सभ्यता, आधुनिक बदलावों तथा बहुउद्देशीय विषयों को लेकर चेयरमैन प्रहलाद सिंह बांगड़वा की अध्यक्षता में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विषय एसआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), बढ़ती दहेज प्रथा का समाज पर प्रभाव, आधुनिक एवं पुरातन खेलों की प्रासंगिकता, अंधविश्वासों से जूझता समाज जैसे ज्वलंत मुद्दों को बनाया गया। इसमें कक्षा 6 से 10 तक के एलन फाउंडेशन और संस्कार स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी ने अपनी अपनी बात को इस तरह सारगर्भित और तार्किकता के साथ रखा कि पुरातन और आधुनिक भारतीय संस्कृति एक साथ जीवन्त हो उठी। प्रबंधन समिति के सचिव मनीष गुप्ता, प्रबंध निदेशक डॉ. विनोद शर्मा, प्रधानाचार्य रामसिंह धींवा, एलन हैड कुलदीप शर्मा ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न तथा प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर कल

रतनगढ़ (निसं) स्वर्गीय ब्रजमोहन तापड़िया की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी किरण देवी एवं पुत्र अनिल व आदित्य तापड़िया के सहयोग से रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट द्वारा 34वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर शंकरा आई हॉस्पिटल एवं जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। एड.रजनीकांत सोनी ने बताया कि शिविर का आयोजन बुधवार, 24 दिसंबर 2025 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। शिविर स्थल माहेश्वरी भवन, रामचन्द्र पार्क के पास, रतनगढ़ रहेगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा नि:शुल्क जांच की जाएगी तथा पात्र रोगियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। ट्रस्ट एवं शिविर प्रभारी ने बताया कि जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

कल मनाएंगे किसान दिवस, प्रभात फेरी व श्रद्धांजलि सभा होगी

झुंझुनूं, । 23 दिसंबर मंगलवार को किसान दिवस के मौके पर भारत रत्न दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह जयंती पर जिला मुख्यालय पर प्रभातफेरी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। चौधरी चरणसिंह विचार मंच के संयोजक विजयगोपाल मोटसरा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी सुबह सात बजे से अमर शहीद करनीराम रामदेव स्मारक से स्टेशन रोड होते हुए बीडीके अस्पताल, बस डिपो, नेताजी सुभाषचंद्र पार्क से डॉ. घासीराम वर्मा मार्ग होते हुए महर्षि दयानंद महाविद्यालय तक गणमान्यजन तथा युवा तरुणाई के साथ फेरी निकाली जाएगी। मंच के प्रवक्ता नेशनल यूथ आइकॉन वकील विजयहिंद जालिमपुरा ने बताया कि प्रभात फेरी के बाद नौ बजे बसंत विहार में स्थित चौधरी चरणसिंह पार्क में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजिल सभा रखी गई है। जालिमपुरा ने बताया कि इस बार किसान केसरी चौधरी साहब की 123वीं जयंती को सात दिवसीय किसान सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत आगामी सात दिनों तक संगोष्ठी, रक्तदान शिविर और जनकल्याणकारी कार्य किए जाएंगे।

पवन कुमार ने लिया योग ऋषि का आशीर्वाद

झुंझुनूं,। पतंजलि योग पीठ हरिद्वार में योग ऋषि स्वामी रामदेव के सानिध्य में राजस्थान प्रान्त के 270 योग साधकों का एक दल पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में योग के गूढ रहस्य को जानने के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। योग शिक्षिका सुनिता नूनियां ने बताया कि इस शिविर में राजस्थान पूर्वी क्षेत्र के 24 जिलों के जिला प्रभारी एवं तहसील प्रभारी भाग ले रहे हैं। यह शिविर 18 दिसंबर से 22 दिसंबर तक संचालित रहेगा।

सांसद खेल महोत्सव के लिए समन्वयक बने चौधरी

झुंझुनूं, । 25 दिसंबर को सांसद खेल महोत्सवों का समापन होगा। इसे लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभी लोकसभा क्षेत्रों में समन्वयकों की नियुक्तियां की गई है। जो इन महोत्सवों के समापन कार्यक्रम का सफल संचालन करवाएंगे। इसके लिए लोकसभा प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी के साथ पूर्व सांसद नारायण पंचारिया को झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र के लिए समन्वयक बनाया गया है।

गौड ब्राह्मण महासभा का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

■ 140 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

चूरू । गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान चूरू का स्थानीय दादा बाड़ी में प्रतिभा सम्मान समारोह संत दण्डी स्वामी जोगेन्द्राश्रम महाराज, भद्रकाली शक्तिपीठ, राजलदेसर के सानिध्य में आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष विजय हरितवाल जबकि अध्यक्षता महासभा चूरू के जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल ने की। विशिष्ठ अतिथि उपाध्यक्ष विजय बासोतिया, कुलपति श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय, निंबाहेड़ा प्रोफेसर महेश दीक्षित, डॉ मंजु शर्मा, प्रिंसिपल, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू महामंत्री राम स्वरूप जोशी, युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष पंकज पचलंगिया थे। समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया बाद में जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल के नेतृत्व में महासभा के वैध बनवारी लाल शर्मा, विश्व नाथ शर्मा राजगुरू, हुकमी चंद गौड़, बाबूलाल शर्मा, मुरारीलाल इंदोरिया,कैप्टन के के शर्मा, सूर्यप्रकास त्रिवेदी, डॉ सुरेन्द्र शर्मा, एडवोकेट योगेश शर्मा ,नरेंद्र लाटा, दामोदर गोतम, श्याम सुंदर शर्मा, बाल किशन बावलियां, नवरतन शर्मा, विजय शर्मा पूर्व सभापति, एडवोकेट नरेंद्र शर्मा, मनीष शर्मा, नवीन शर्मा, देवकांत शर्मा, पुनित लाटा,विनय गोतम, रमेश वशिष्ठ, पंकज मिश्रा, दिनेश बावलिया, बाबू पाटिल, सुरेन्द्र बावलिया, परमानंद शर्मा,योगेश गोग्यांन, योगेश गौड़, राजेश गौड़, रामवतार शर्मा, रमेश शर्मा,बसुशील गोगयान, राधेश्याम शर्मा, ओम प्रकाश मोटेका, मनोज शर्मा, संदीप पाटिल, कालू राम महर्षि, डॉ रवि कांत शर्मा,दिनेश धरड़, महेश गोग्यान, प्रमोद मिश्रा, महेश हारित,रवि शर्मा, मनमोहन महर्षि, सुदर्शन चुलेट,मोहन लाल शर्मा, राम रतन पुरोहित, केलाश शर्मा, सुदर्शनन भेड़ा, सुशील शर्मा, प्रेम प्रकाश वशिष्ठ, गिरधारी लाल हारित वाल, अंजनी शर्मा, नीरज शर्मा, वैध सुरेश शर्मा, संदीप शर्मा महेश मिश्रा,पदाधिकारियो द्वारा आए हुऐ अतिथियों का माला, शाल व साफा सहित प्रतिक चिन्ह देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर संत दंडी स्वामी ने कहा कि हम जिस भूमि पर हम निवास कर रहे हैं उस भूमि पर अनेक ब्राह्मण महापुरुषों ने जन्म लिया है जो हमारे लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण को शस्त्र नही बल्कि शास्त्र का अनुसरण करना चाहिए जिससे विश्व का कल्याण हो, इस अवसर पर गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष विजय हरितवाल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि ब्रह्मण मजबूत है वह कही से भी कमज़ोर नही है अपने आप में ब्रह्मण को मजबूत बनाना होगा।

इस अवसर पर विजय बसोतिया, पंकज पंचलंगिया, कुलपति प्रो शर्मा, प्राचार्य मंजू शर्मा ने विचार व्यक्त कर समाज को संगठित होने का आहवान किया साथ ही सम्मानित होने वाले सभी प्रतिभाओं को बधाई दी। स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल ने दिया जबकि सरक्षक डॉ सुरेन्द्र शर्मा ने आने वाले सभी अतिथियों का आभार जताया। समारोह का संचालन डॉ मनोज योगाचार्य व विनीता शर्मा ने किया।

अपने जीवन को सृजनात्मक कार्यों में लगाएं : सुराणा

चूरू । जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा है कि हर व्यक्ति को अपना जीवन सृजनात्मक एवं सकारात्मक कार्यों में लगाना चाहिए ताकि वह समाज के लिए उपयोगी और सार्थक बन सके।

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा रविवार को जिला कारागृह में पुरस्कृत शिक्षक फोरम की प्रेरणा से पूर्व बैंक अधिकारी सांवताराम ईसरान के सौजन्य से बन्दियों को गर्म वस्त्र वितरित किए और बंदियों को पुस्तकें प्रदान की। जिला कलक्टर ने बन्दियों से कहा कि पुस्तकें बेहतरीन इंसान बनने में सबसे मददगार साबित होती हैं। बंदी जेल से छूटकर एक अच्छे इन्सान के रूप में बाहर निकलकर समाज की मुख्य धारा में सम्मिलित होने का प्रयास करें। इस अवसर पर प्रो कमलसिंह कोठारी ने पुस्तकों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि अच्छी पुस्तकें पढ़कर समय का सदुपयोग करें। प्रो आशा कोठारी ने कहा कि आध्यात्मिक चिंतन से आत्मबल मजबूत होता है और हम अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। इस मौके पर दौलत तंवर, सांवताराम ईसराण, लक्ष्मणराम नैण व प्रभुदयाल बरवड़ ने भी विचार व्यक्त किए। जेल अधीक्षक राजेश योगी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि पुस्तकालय से हर माह लगभग 150 पुस्तकों का लेनदेन होता है। पुस्तक पढ़ने के पश्चात विचार पुस्तिका में बन्दी पढ़ी गई पुस्तक के बारे में अपने विचार भी लिखते हैं। उप जेलर दलीपकुमार सुथार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन नवाचार प्रेरक ओमप्रकाश तंवर ने किया।

मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेस का आज प्रदर्शन

झुंझुनूं, । केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने पर कांठोस का सोमवार को प्रदर्शन होगा। एआईसीसी तथा पीसीसी के निर्देश पर सोमवार सुबह 11 बजे जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट के सामने कांठोस जिलाध्यक्ष और मंडावा विधायक रीटा चौधरी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन भी किया जाएगा। मोदी की तानाशाही सरकार द्वारा मनरेगा का नाम परिवर्तित करने का सहारा लेकर राष्ट्रीय स्तर की ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को ख़त्म किया जा रहा है। इस योजना का नाम वीबी जी राम जी ही परिवर्तित नहीं किया जा रहा। बल्कि महात्मा गांधी को जैसे गोली मारी वैसे इस योजना की आत्मा को मारा जा रहा है।

158 प्रकरणों का राजीनामे से निस्तारण

■ 47 लाख से अधिक की वसूली

रतनगढ़(निसं)न्यायालय परिसर, रतनगढ़ में रविवार को वर्ष 2025 की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। लोक अदालत के आयोजन के लिए एक बेंच का गठन किया गया, जिसके अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण जांगिड़ रहे।

बेंच के अन्य सदस्यों में तालुका विधिक सेवा समिति के सदस्य संतोष बाबू इंदौरिया, अधिवक्ता लक्ष्मण प्रजापत तथा राजस्व अधिकारी के रूप में उपखंड अधिकारी श्री मिथिलेश कुमार शामिल रहे।लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लंबित एवं विवादित प्रकरणों का आपसी समझौते (राजीनामे) के माध्यम से शीघ्र निस्तारण करना रहा। इस दौरान पक्षकारों की सहमति से बड़ी संख्या में मामलों का समाधान किया गया, जिससे न्यायालयों का भार कम हुआ और आमजन को त्वरित न्याय मिला।

लोक अदालत में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश न्यायालय के 34 प्रकरणों तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के 124 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त 5 वर्ष से अधिक पुराने 12 प्रकरण, 10 लाख रुपये तक के 6 प्रकरण, वैवाहिक (मैट्रिमोनियल) 24 प्रकरण एवं प्री-लिटिगेशन के 10 प्रकरणों का भी सफलतापूर्वक समाधान किया गया।निस्तारण के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय वसूली की गई। प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में 12,11,758/-, एन.आई. एक्ट के प्रकरणों में 8,52,000/-, धन वसूली के मामलों में 1,22,259/- तथा एम.ए.सी.टी. () के प्रकरणों में 25,56,000/- की वसूली की गई।इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन से आमजन में न्यायिक प्रक्रिया के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ तथा आपसी सहमति से विवादों के समाधान की भावना को बल मिला।

गौड ब्राह्मण महासभा का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

■ अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

चूरू । टाउन हॉल में अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा जिला सभा चूरू की ओर से महासभा की जिला कार्यकारिणी का शपथ ठाहण समारोह व जांगिड़ समाज सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम में महासभा के 171 पदाधिकारियों शपथ ठाहण की तथा समाज के पदाधिकारियों ने समाज उत्थान के मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार थे। वहीं महासभा राष्ट्रीय प्रधान रामपाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम पंवार, राष्ट्रीय महामंत्री सांवरमल जांगिड़, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजपा नेता राकेश जांगिड़ आदि विशिष्ट अतिथि थे। विश्वकर्मा मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष झूमरमल राजोतिया, श्रीप्रकाश राजोतिया, चंपालाल रोलीवाल मंचस्थ थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा जिलाध्यक्ष नीरज रोलीवाल ने की। जिला सभा के पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।

कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी जनमानस की चाहत होते हैं, सकारात्मक सोच से सबके वैध कार्य समय पर निबटाएं : एडीएम

■ इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ़ ने स्थानांतरित व नवागंतुक अधिकारियों का किया अभिनंदन

सीकर । अजीतगढ़ शहर की होटल नारायण पैलेस में शनिवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला एवं स्थानांतरित व नवागंतुक अधिकारियों सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।

तहसील प्रभारी कपिल मीणा ने बताया कि नीमकाथाना के निवर्तमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गिरधारी लाल शर्मा, श्रीमाधोपुर के निवर्तमान तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा को स्थानांतरित होने पर विदाई दी गई तथा नवागंतुक नीमकाथाना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश मीणा एवं अजीतगढ़ पुलिस उपाधीक्षक प्रेम बहादुर निर्भय का सम्मान किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि नीमकाथाना अतिरिक्त जिला कलक्टर भागीरथ साख ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी जनमानस की चाहत होते हैं, सकारात्मक सोच से सबके वैध कार्य समय पर निबटाएं। निवर्तमान एएसपी गिरधारी लाल शर्मा ने कहा कि अधिकारी को जनता से हर दिन कुछ नया सीख कर अपना सर्वश्रेष्ठ देते रहना चाहिए। नीमकाथाना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश मीणा ने कहा कि पूर्वोत्तर समकक्ष अधिकारियों की कार्यशैली से जनहित में कानून व्यवस्था बेहतर देना ही मेरा उद्देश्य होगा। निवर्तमान तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा ने कहा कि अधिकारी को कार्यालय एवं फील्ड में जनता को धैर्य से सुनना चाहिए और लीगल काम को समय पर करना चाहिए। सोसायटी के जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार लाटा ने कहा कि हम पीड़ित मानवता की सेवार्थ दृढ़ संकल्पित हैं, अजीतगढ़ टीम बेहतरीन कार्य कर रही है। जिला सदस्य दिनेश गोविंद शर्मा ने मंचस्थ अतिथियों एवं उपस्थित गणमान्यों का आभार व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला मे कहा कि बचाकर चलने के बजाय स्वयं बचकर चलना ही सबकी सुरक्षा का द्योतक है। पुलिस उपाधीक्षक अजीतगढ़ प्रेम बहादुर निर्भय ने कहा कि हमें नियमों की पालना कर दूसरों को प्रेरित करना चाहिए। इस मौके पर दुपहियां वाहन चालको हैलमेट वितरण करके रिफ्लेक्टर भी लगाये गये। समारोह मे उपसंरक्षक सदस्य विजय यादव, मोहम्मद शरीफ गौरी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर थानाधिकारी विजय सिंह,शाहपुरा आरटीओ बाबुलाल मीणा, पी.के.सिंह, अनिल कुमार, देवेन्द्र परमार, राजेश शर्मा, विनोद शर्मा, महेश दीवान,रामनिवास मीणा,सीए नितिन जोशी, गोपाल मीणा, रामजीलाल, एडवोकेट शंकर लाल यादव, डॉ.कमलेश कांवर, विनोद लुणाका, धर्मा सैंन,सुरेंद्र मीणा,शंकर लाल सहित अनेक गणमान्य व अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्ट्रेट से शुरू हुई दौड, बजरंग कांटा पर हुआ समापन

सीकर । राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सीकर जिले में रन फॉर विकसित राजस्थान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर से हुई, जिसमें विभिन्न शैक्षिणक संस्थानों के विद्यार्थी, अधिकारी, कर्मचारी तथा नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह दौड़ कल्याण सर्किल से होते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बजरंग कांटा तक आयोजित की गई। दौड़ को जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा तथा अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन फॉर विकसित राजस्थान कार्यक्रम जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न करवाया गया । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के विकास कार्यों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति रुचि जगाना है। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की और सहभागी युवाओं को प्रेरित किया कि वे 'विकसित राजस्थान' के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। जिला कलेक्टर ने मेराथन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागीयों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

लोक अदालत में 59 न्यायालय के मामलों का निस्तारण

बीदासर ।राजस्थान उच्च न्यायालय, एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश सोनिका पुरोहित, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शरद कुमार व्यास तथा तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप भाटी द्वारा पारित दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में रविवार को सिविल न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन न्यायाधीश सरिता कायथ आर.जे.एस की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों, राजस्व-प्रीलिटिगेशन के मामले एवं अन्य प्रकार के मामलों के संदर्भ में सुनवाई कर उभयपक्षकारान के मध्य आपसी राजीनामा के आधार पर मुकदमों को सुलह, समझाईस से हल करने का प्रयास किया गया। इस दौरान रेवन्यू अधिकारी व उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव, पैनल अधिवक्ता सदस्य अरविंद चौधरी व बार संघ के अध्यक्ष किशन लाल भादू तथा पक्षकारान के अधिवक्तागण रघुवीर भामू, गौतम सैनी, प्रेम सैनी, शाहिद सोलंकि, परमानंद बिजारणिया, लालचंद जाट, गोवर्धन सिंह, महेश छापोला, आमीन शेख, तिलोक पिलानिया, गोविंद जाखड़, राधाकृष्ण, अख्तर सोलंकि आदि की समझाइश के उपरांत मामले निबटाये।

स्पोर्ट्स स्कूल खेल प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी : राठौड

■ जिला खेल स्टेडियम में स्पोर्ट्स स्कूल का उद्घाटन

■ पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड, विधायक हरलाल सहारण, कलक्टर अभिषेक सुराणा ने की शिरकत

चूरू, (कासं.)। जिला मुख्यालय स्थित जिला खेल स्टेडियम में रविवार को पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सहारण एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने नवनिर्मित स्पोर्ट्स स्कूल का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि चूरू जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं मंच उपलब्ध कराने की है।

उन्होंने कहा कि शासन एवं प्रशासन खेलों के विकास के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। जिला प्रशासन द्वारा एक पंचायत-एक खेल जैसे नवाचारों के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला खेल स्टेडियम में स्थापित यह स्पोर्ट्स स्कूल आने वाले समय में जिले की खेल प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगी। इससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल मिलेगा तथा वे राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकेंगे। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि स्पोर्ट्स स्कूल की स्थापना से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी और उन्हें करियर के नए अवसर मिलेंगे। जिले में स्पोर्ट्स स्कूल खेलों के विकास एवं युवाओं की प्रतिभा को निखारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शासन-प्रशासन के स्तर पर जिला खेल स्टेडियम व स्पोर्ट्स स्कूल में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए अधिकतम प्रयास किए जाएंगे। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि जिला प्रशासन खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। जिला प्रशासन एक पंचायत एक खेल के माध्यम से खेल प्रतिभाओं के लिए बेहतरीन अवसरों की दिशा में प्रयासरत है। जिला खेल स्टेडियम व राजगढ़ में स्थित खेल स्टेडियम को विश्वस्तरीय बनाने के लिए बेहतरीन विभागीय समन्वय के साथ त्वरित प्रयास किए जाएंगे। जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान एसडीएम सुनील कुमार, निवर्तमान जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, निवर्तमान प्रधान दीपचंद राहड़, वासुदेव चावला, चंद्राराम गुरी, बसंत शर्मा, ओम सारस्वत, अभिषेक चोटिया, सीताराम लुगरिया, धर्मेन्द्र राकसिया, नरेन्द्र सैनी, सुशील लाटा, भास्कर शर्मा, सुरेश सारस्वत, रचना कोठारी, सत्तार खान, पदमसिंह, श्रीराम पीपलवा, गोपाल बालाण, सुनील ढाका, मनीष, संदीप, आकाश सैनी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। संचालन शिवकुमार शर्मा ने किया।

सार-समाचार

जीबी मोदी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव की धूम

झुंझुनूं, । राजपूताना शिक्षा मंडल द्वारा संचालित शाह मार्केट स्थित श्री जीबी मोदी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज मील, एडीईओ उम्मेद महला, राजेश मोदी, दिनेश मोदी, सुमिता मोदी, संस्था सचिव श्रवण कुमार केजड़ीवाल, दिनेश अठावाल, प्रधानाचार्या रंजना मित्तल, जीबी मोदी विद्या मंदिर के प्रबंधक अनिता बंसल ने मां सरस्वती के दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रंजना मित्तल ने बताया कि हमारा विषय स्वराज से स्वर्णिम भारत, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बैंड, परेड, गायन, लघु नाटिका, देशभक्ति नृत्यों से ओतप्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता संग्राम के महत्व और स्वर्णिम भारत के निर्माण के सपनों को उजागर किया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं और 12वीं में सर्वाधिक अंक आने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि स्वराज से स्वर्णिम भारत यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। हमें स्वतंत्रता की यात्रा की याद दिलाता है और निर्माण के लिए प्रेरित करता है। प्रधानाचार्या ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया और उन्हें देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथिगण और अभिभावकगण का धन्यवाद और छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की।

जनार्दन आचार्य का डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर किया अभिनंदन

चूरू । गीता क्लास का रविवार को जनार्दन आचार्य का डेकोरेट की उपाधि मिलने पर अभिनंदन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में गीता क्लास के नियमित पंचामृत, पांच श्लोक, नौ नियम, गजल गीत, बार-बार अध्याय में हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि बच्चों को शपथ दिलाई गई। और 25 दिसंबर को दीपक जलाकर तुलसी दिवस मनाए, चाइनीस मांझे